
# मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट कंपनी पर ग्रेटर निगम प्रशासन मेहरबान?

## महापौर और कमिश्नर ने गत वर्ष आर.टी.पी.पी. एक्ट को दरकिनार कर इस फर्म की रेट में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की, राज्य सरकार से मंजूरी भी नहीं ली गई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम में इंटरनल सॉफ्टवेयर नेटवर्क सर्विस मुहैया करवाने वाली निजी फर्म मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट पर महापौर-कमिश्नर की मेहरबानी सामने आई है। पिछले साल दोनों ने सरकार से बिना अनुमति लिए इस फर्म की रेट्स को 20 फीसदी बढ़ा दिया। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की ओर से की गई एक ऑडिट में इसका खुलासा होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

सूत्रों की मानें तो ग्रेटर नगर निगम में मैसर्स ओसवाल डाटा फर्म के द्वारा ऑनलाइन फाइल ट्रेकिंग सिस्टम, ई-ऑक्शन, तनख्वाह बनाने का काम, वर्क ऑर्डर, टैंडर प्रक्रिया, कॉल सेंटर, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र बनाने, सर्वर, सॉफ्टवेयर, स्टेशनरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, हार्डवेयर मशीनरी उपलब्ध कराया जाता है। स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम ने वर्ष 2005 में इस कंपनी के साथ अनुबंध किया था, उस समय 25 लाख रु. प्रतिमाह का भुगतान किया जाता था। इस कंपनी का टैंडर वर्ष 2012 में खत्म हो गया और तब से अब तक लगातार नगर निगम प्रशासन इसके कार्य की समयावधि को बढ़ा रहा है। जबकि राजस्थान ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्यूरमेंट रूल्स (आर.टी.पी.पी.) के तहत किसी भी कंपनी या फर्म का टैंडर 3 बार से ज्यादा नहीं बढ़ाया जा सकता है।




सूत्रों की मानें तो हाल ही में स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की ओर से की गई एक ऑडिट में सामने आया कि नगर निगम ग्रेटर ने मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट कंपनी का वर्क पीरियड साल 2015 से 2017 तक ही 8 बार बढ़ाया। इसे देखते हुए विभाग ने इसका ऑडिट पैरा बनाते हुए नगर निगम से इसका जवाब मांगा है। साथ ही आरटीपीपी एक्ट की पालना करवाने वाली कंट्रोलिंग एजेंसी को भी इस पर एक टिप्पणी नोट लिखा है।

■ स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की ऑडिट में इसका खुलासा हुआ तो अब विभाग ने ऑडिट पैरा बनाते हुए नगर निगम से जवाब मांगा है

आर.टी.पी.पी. एक्ट के जानकारों की मानें तो कभी भी कोई सरकारी एजेंसी किसी काम को संविदा दर पर लेती है तो उस टैंडर में निर्धारित समयावधि तक ही उस कंपनी को काम दिया जाता है। इसके बाद अगर एजेंसी उस कंपनी का वर्क पीरियड बढ़ाती है तो वह अधिकतम तीन बार बढ़ा सकती है। वर्क पीरियड भी उसी कंडिशन में बढ़ाया जाता है, जब टेण्डर प्रक्रिया न हो पा रही हो। साथ ही ये देखा जाता है कि बाजार में उस काम की दरें प्रभावित तो नहीं हुई। ऐसे में अगर वर्क पीरियड बढ़ाया जाता है तो सरकार भी उसकी दरों में बढ़ोतरी नहीं कर सकती है और करती भी है तो ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करती है।

**"ओसवाल डाटा कंपनी के द्वारा नगर निगम में आमजन से जुड़ी सेवाएं मुहैया करवाई जा रही है। पिछले दिनों टैंडर हुआ था, तकनीकी कारणों से टैंडर निरस्त किया गया। जहां तक कंपनी की दरें 20 फीसदी बढ़ाने की बात है तो पूरे मामले की जांच कराएंगे।"**

डॉ.सौम्या गुर्जर, महापौर
ग्रेटर नगर निगम जयपुर

**"हमने दो बार टैंडर किए थे, जिसमें दो फर्म आई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से टैंडर को कमेटी ने अयोग्य मानते हुए निरस्त कर दिया। यदि इस पर ऑडिट पैरा बना हुआ है तो उसका जवाब दिया जाएगा।"**

महेन्द्र सोनी, आयुक्त
ग्रेटर नगर निगम जयपुर

# मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट की दरें पिछले 17 वर्ष में 3 करोड़ से बढ़कर 6 करोड़ रु. सालाना हुई

## वर्ष 2005 में स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम से किया था फर्म ने अनुबंध, जो वर्ष 2012 में पूरा हो गया था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । नगर निगम जयपुर में अधिकारी-कर्मचारियों की तनख्वाह बनाने से लेकर ई-ऑक्शन, टैंडर व वर्क ऑर्डर, फाइल ट्रेकिंग, पत्र मॉनिटरिंग, कॉल सेंटर, ऑनलाइन भुगतान, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र बनाने समेत दर्जनों सेवाएं देने वाली निजी फर्म मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट की दर बीते 17 वर्षों में सालाना 3 करोड़ से बढ़कर 6 करोड़ रुपये हो गई है।

सूत्रों की मानें तो स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2005 में इस फर्म के साथ अनुबंध किया था। जिसमें प्रत्येक वर्ष 5 फीसदी दरें बढ़ाने और आपसी सहमति से अनुबंध की समयावधि बढ़ाने की शर्त रखी गई। वर्ष 2012 में यह अनुबंध खत्म हो गया। इसके बावजूद स्वायत्त शासन विभाग ने दुबारा टैंडर करने के बजाय इसी फर्म के अनुबंध को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया, जो कि बीते 10 वर्षों से निरंतर चलता आ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि राजस्थान ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्यूरमेंट रूल्स (आर.टी.पी.पी.) के तहत किसी भी कंपनी या फर्म का टैंडर 3 बार से ज्यादा नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसके बावजूद वर्ष 2017 तक स्वायत्त शासन विभाग ने इस फर्म का अनुबंध बढ़ाया। उसके बाद से यह काम नगर निगम के महापौर और कमिश्नरों ने चालू कर दिया।

■ बीते 10 वर्षों से स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों की मेहरबानी के कारण लगातार मैसर्स ओसवाल डाटा का अनुबंध बढ़ता रहा

■ वर्ष 2017 के बाद जब स्वायत्त शासन विभाग ने मैसर्स ओसवाल डाटा का अनुबंध बढ़ाना बंद कर दिया तो जयपुर नगर निगम प्रशासन भी स्वायत्त शासन विभाग से ही टैंडर करने की मंजूरी मांगता रहा, फिर यहां भी फर्म का कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा

■ हालांकि स्वायत्त शासन विभाग ने अगस्त-2015 में फॉर्थ डायमेंशन कंपनी को प्रदेश की समस्त नगर पालिकाओं में इन तमाम सेवाओं को उपलब्ध करवाने का जिम्मा सौंपा, लेकिन कंपनी तय डेडलाइन फरवरी-2017 तक यह काम नहीं कर पाई, बाद में मार्च 2020 में फॉर्थ डायमेंशन को टर्मिनट कर दिया गया

इसी बीच स्वायत्त शासन विभाग ने अगस्त-2015 में फॉर्थ डायमेंशन कंपनी को प्रदेश की समस्त नगर पालिकाओं में इन तमाम सेवाओं को उपलब्ध करवाने का जिम्मा सौंपा। फॉर्थ डायमेंशन को फरवरी-2017 तक ओसवाल डाटा से पूरा काम संभालकर जयपुर में सेवाएं देनी थी। साथ ही ऐसी ही सेवाओं का सिस्टम पूरे प्रदेश की नगरीय निकायों में मुहैया करवाना था, लेकिन फॉर्थ डायमेंशन इस काम में फेल रही। स्वायत्त शासन विभाग ने लगातार फॉर्थ डायमेंशन को मौका दिया, जब सरकार को लगा कि यह काम इस कंपनी से नहीं होगा, तब मार्च 2020 में फॉर्थ डायमेंशन को टर्मिनट कर दिया गया।

मजेदार बात यह है कि जयपुर नगर निगम में कार्यरत मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट का अनुबंध वर्ष 2012 में खत्म होने के बावजूद स्वायत्त शासन विभाग ने कंपनी का विकल्प तलाशने की कोई जहमत ही नहीं उठाई।

सूत्रों की मानें तो वर्ष 2017 के बाद जब स्वायत्त शासन विभाग ने मैसर्स ओसवाल डाटा का अनुबंध बढ़ाना बंद कर दिया तो जयपुर नगर निगम प्रशासन भी स्वायत्त शासन विभाग से ही टैंडर करने की मंजूरी मांगता रहा, लेकिन यहां भी अधिकारियों ने आर.टी.पी.पी. एक्ट की पालना का ख्याल नहीं रखा। जब स्वायत्त शासन विभाग से कोई जवाब नहीं मिला तो जयपुर नगर निगम में तमाम कार्य ओसवाल डाटा के जरिये ही करवाये जाने लगा। पिछले कुछ समय से इस फर्म ने पुरानी दरों पर काम करने के लिए साफ मना कर दिया।

इस पर नगर निगम ने दो बार टैंडर मांगे, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण वे पूरा नहीं हो पाए। गत वर्ष मैसर्स ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कंसलटेंट की ओर से सालाना 5 फीसदी दर वृद्धि के मुताबिक महापौर और कमिश्नर से दरें बढ़ा ली।

जिस पर दोनों ने राज्य सरकार की मंजूरी लिए बिना नगर निगम के स्तर पर ही फर्म की दरें एक साथ 20 फीसदी बढ़ा दी। अब स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की ओर से की गई ऑडिट में इसका खुलासा होने के बाद से अधिकारियों से जवाब देते नहीं बन रहा है। उधर फर्म से जुड़े लोग कह रहे हैं कि उनका अनुबंध राजस्थान में आर.टी.पी.पी. एक्ट लागू होने से पूर्व का है। इसके अलावा टैंडर करने का काम स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम का था। फर्म ने तो कई बार काम संभलवाने के लिए दोनों को पत्र दिया था।

# विदेशी युवती से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश पकड़ा

■ बैंकॉक से होली मनाने जयपुर आई थी पीड़िता

■ होटल खासाकोठी की पार्किंग में होली विश करने के बहाने आरोपी ने छेड़ा था

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में विदेशी युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। वह बैंकॉक से होली फेस्टिवल मनाने के लिए जयपुर आई थी। होटल की पार्किंग में खड़ी विदेशी युवती के पास आए तीन व्यक्तियों में से एक ने छेड़छाड़ की। विधायकपुरी थाने में पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ह।।

पुलिस ने बताया कि बैंकॉक के थाईलैंड निवासी 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि होली फेस्टिवल मनाने के लिए जयपुर आई थी। गत 6 मार्च को वह जयपुर पहुंचकर माणकचौक इलाके में स्थित होटल में रूकी थी। अगले दिन होली फेस्टिवल एंजॉय करने के लिए एम.आई. रोड स्थित खासाकोठी होटल आई थी। जहां होली खेलने के बाद दोपहर करीब 11:30 बजे वह होटल की पार्किंग में गई। वहां खड़े होकर अपने उबर कार का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान 3 आदमी उसकी ओर आए और उनमें से एक ने विदेशी युवती को हैप्पी होली बोलकर विश किया। जिसके बाद विदेशी युवती के गालों पर कलर लगाया। जिसके बाद उसने विदेशी युवती के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के विरोध करने पर वह भाग निकले। इसके बाद विदेशी युवती ने विधायकपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी की तलाश कर गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**जयपुर** । विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्रके वार्ड नं 5 में रोड नं-17 ईडब्ल्यूएस स्कीम में पार्षद संतोष शर्मा ने 1 करोड़ 12 लाख रु.की लागत से सड़क निर्माण व नालियों की मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंडित देवेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठनेता भगवान सहाय सैनी, सुमित मिश्रा, बाबूलाल गुर्जर, किशन यादव,पंकज सैनी, के.के शर्मा, रामप्रसाद चौधरी, कुंदन सिंधी, राकेश शर्मा, शीला मेडम, राजन पांडेय, राहुल सैनी, पूरण सैनी, शंकर अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह मौजूद थे।

### होली मिलन व फागोत्सव का आयोजन



**जयपुर** । मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जयपुर के परमहंस धाम आश्रम में महात्मा शाकम्बरी बाईजी की उपस्थिति में होली मिलन समारोह व फागोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में क्षेत्रीय पार्षद रवि उपाध्याय, समाजसेविका सुनीता सैनी व सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भाग लिया। प्रेस सचिव रमेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ध्रुपद गायक डॉ ओमप्रकाश नायर के साथ तबला वादक मोहित जांगिड़ के भजन से की गई। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। और अन्त में सन्त महात्मागण के आशीर्वचन से कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सीएक्सओ कॉन्क्लेव आज होगा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) की ओर से 13 मार्च को यहां जवाहर सर्किल के पास होटल में सीएक्सओ कॉन्क्लेव-2023 का आयोजन किया जाएगा। कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता राज्य मंत्री अशोक चांदना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। आरएसएलडीसी की चेयर पर्सन एवं प्रबंध निदेशक रेणु जयपाल ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, स्टेट रूरल लाइवलीवुड मिशन, सेक्टर स्किल काउंसिल्स, इंडस्ट्रीज एवं ट्रेनिंग पार्टनर्स के सहयोग से कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। कॉन्क्लेव में नियोक्ता एवं ट्रेनिंग पार्टनर के बीच गैप खत्म करने, प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के रोजगार अवसरों के लिए पोटेंशियल नियोक्ताओं की पहचान करने, स्किल सेक्टर में वर्तमान एवं भावी मांग को समझने तथा स्किल पाठ्यक्रमों में बाजार की मांग अनुसार बदलाव करने पर फोकस किया जाएगा। इस दौरान ग्रीन जॉब्स, पॉवर, टूरिज्म, टेक्सटाइल, ऑटोमोटिव, रिटेल, हेल्थकेयर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पर पैनल डिस्कस किया जाएगा।

### जयपुर कॉट्योर शो-2023 शुरू

**जयपुर** । देशभर से आए 26 फैशन डिजाइनर्स के एक्सक्लूसिव कलेक्शन की झलक शोकेस की गई। मौका था जयपुर कॉट्यियोर शो 2023 के पहले दिन रविवार को आयोजित हुई प्री पार्टी और फर्स्ट इवेंट ग्लिम्पस कार्यक्रम के आयोजन का। जहां कार्यक्रम में सभी सुपर मॉडल्स, एलीट मिस राजस्थान विनर्स, मॉडल्स और इन्फ्लुएंसर्स का जमावडा देखने को मिला। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जगदीश चंद्र ने शिरकत की। इस दौरान शो के फाउंडर गौरव गॉड, डायरेक्टर्स अजित सोनी, पीएन ढूढी, अंकुर जैन, रोनी शर्मा, नकुल विजय के साथ शो पेट्रोन जेडी माहेश्वरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 13 और 14 मार्च को भव्य फैशन शो का आरम्भ होगा, जिसमें एक ही मंच पर 9 टीवी और फिल्मस के सितारें एक साथ मौजूद होंगे। जिस दौरान कार्यक्रम के दूसरे दिन बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे, जोया अफरोज, लिजा मलिक, बॉलीवुड एक्टर अनिरुद्ध दवे, बिग बॉस फेम टेलीविजन सेलिब्रिटी टीना दत्ता, टेलीविजन एक्ट्रेस सोनी सिंह, आकाश चौधरी जाने माने डिजाइनर्स के लिए शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर मौजूद होंगे। वहीं 14 मार्च को कार्यक्रम के तीसरे दिन एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह और टीवी एक्ट्रेस तानिया चैटर्जी शो के क्लोजिंग कार्यक्रम में शोस्टॉपर के तौर पर शिरकत करेंगी।

### दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । भांकरोटा, कोतवाली और भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित रोहिताश मीणा (24) निवासी गांव बौराज दूदू हाल बिंदायका, शिवा श्रीवास्तव (20) निवासी आगरा हाल ब्रह्मपुरी, जयपुर और हसीबुल अली (25) निवासी राजीव नगर कच्ची बस्ती, भट्टाबस्ती को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सांगानेर थाना पुलिस जानलेवा हमले के प्रकरण में आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार महिला लाली देवी (45) सेक्टर-19, प्रताप नगर, सांगानेर की रहने वाली है।

### महिला के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** । आदर्श नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया गोविंद मार्ग निवासी कनुप्रिया खुराना 10 मार्च की दोपहर लिटिल मिलेनियम स्कूल के पास से घर की तरफ आ रही थी। इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त

### ठेकेदार ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके में एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। एसीपी (सांगानेर) राम सिंह ने बताया मूलतया जिला टोंक निवासी 26 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि वह पति और अपने बच्चों के साथ रामनगरिया इलाके में किराए से कमरा लेकर रहती है। पति मजदूरी करता है। आरोप है 10 मार्च की रात करीब आठ बजे ठेकेदार और एक अन्य मजदूर घर पर आए और कहा कि तेरा पति शराब पीकर सड़क पर पड़ा है। इस पर वह बच्चों के साथ चली गई। इस दौरान ठेकेदार उसे एक खेत में ले गया और दूसरा मजदूर उसके बच्चों को टॉफी दिलाने के बहाने दुकान पर ले गया। ठेकेदार ने महिला से दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला का पति आया तो उससे मारपीट की गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा इलाके में एक व्यक्ति से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया जगदीश कॉलोनी, झोटवाड़ा निवासी सुनिल कुमार ने रिपोर्ट दी है कि रेवाड़ी निवासी परिचित रितु यादव पत्नी शशिकांत ने शेयर मार्केट में रूपए निवेश करने पर मोटा मुनाफे का झांसा दिया था। इस पर पीड़ित ने रितु और इसके पति शशिकांत के बैंक खातों में 13 लाख रुपए जमा करवा दिए। करीब 8 महीने के बाद पीड़ित ने अपने रुपयों का तकादा किया तो उसे शेयर मार्केट डूबने का हवाला देकर फर्जी बिल थमा दिए गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### वास्तु शास्त्र के अनुसार हाऊसिंग बोर्ड बनायेगा मकान व दुकानें

**जयपुर** (कासं)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने आमजन की मंशा जानकर मंडल द्वारा बनाए जाने वाले आवासीय और व्यवसायिक निर्माण में वास्तु शास्त्र का ध्यान रखने की कार्य योजना बनाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यालय पर वास्तु शास्त्र से जुड़ी राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।

जयपुर मुख्यालय आवास भवन पर होने वाली इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप में इंडियन काउंसिल आफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंसेज के प्रोफेसर, वास्तुविद और ज्योतिषाचार्य श्री सतीश शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ मंडल के तकनीकी इंजीनियरों तथा अधिकारियों को वास्तु से संबंधित प्रशिक्षण देंगे।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल ने सदैव आमजन की भावनाओं और बदलते समय और मांग का ख्याल रखते हुए भवनों का निर्माण किया है। आज के दौर में आमजन की प्राथमिकता वास्तु आधारित भवनों को खरीदने की रहती है। व्यापक स्तर पर बनने वाले भवनों में अक्सर वास्तु शास्त्र के नियम लागू नहीं हो पाते। इसी के समाधान के लिए इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल का ध्येय आमजन को हर स्तर पर संतुष्टि प्रदान करना है।

अरोड़ा ने बताया कि वर्कशॉप में मंडल सचिव, मुख्य संपदा प्रबंधक, मुख्य अभियंता, तकनीकी सलाहकार, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, तकनीकी सहायक और आवासीय अभियंता स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित होंगे।

# तेज रफ्तार लो-फ्लोर बस की टक्कर से दो लोगों की मौत

## बेकाबू बस ने पहले लूना सवार युवक को रौंदा, फिर मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को भी टक्कर मारी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में रविवार सुबह एक बार फिर तेज रफ्तार लो-फ्लोर बस का कहर देखने को मिला। ओवर स्पीड लो-फ्लोर बस ने लूना सवार युवक को रौंद दिया। इसके बाद मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ही लोगों की मौत हो गई। झोटवाड़ा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शवों को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में बिहार निवासी दिलखुश (20) और तारा नगर-सी झोटवाड़ा निवासी राधेश्याम सिंह (68) की मौत हो गई। घटनाक्रम के मुताबिक, सुबह करीब 8:45 बजे दिलखुश लूना से खिरणी फाटक अंडरपास के पास से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही ओवर स्पीड लो-फ्लोर बस ने उसको चपेट में ले लिया। बस उसे रौंदते हुए निकल गई। बस के नीचे लूना फंसने से आउट ऑफ कंट्रोल हो गई। इसके बाद लो फ्लोर बस ने मॉर्निंग वॉक पर निकले राधेश्याम सिंह को टक्कर मार दी। हादसे के बाद लो-फ्लोर बस को मौके पर छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। एक्सीडेंट की सूचना पर झोटवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस के नीचे फंसे दिलखुश को लोगों की मदद से बाहर निकाला, लेकिन मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, घायल राधेश्याम को एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया। पुलिस ने बस को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

### कार से चोरी हुआ नकदी भरा बैग

**जयपुर** । सिंधी कैंप इलाके स्थित एक पार्किंग स्टैंड में खड़ी कार में से चोर नकदी भरा बैग चुरा ले गए। पुलिस ने बताया रामगली नंबर-3, राजापार्क निवासी दिशांत नागपाल 11 मार्च की दोपहर स्टेशन रोड स्थित शेखावाटी कॉम्प्लेक्स में कार खडी कर किसी परिचित से मिलने गया था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति कार में रखे बैग को चुरा ले गए। बैग में 4 लाख की नकदी, 2 लैपटॉप सहित 3 मोबाइल रखे हुए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवती से छेड़छाड़

**जयपुर** । रामगंज में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी 18 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि 11 मार्च की दोपहर वह घर पर अकेली थी। इस दौरान पडौसी इंदर सामरिया मकान में घुस आया और अश्लील हरकत करने लगा। चिल्लाने पर इंदर फरार हो गया।

# जवाहर कला केन्द्र में बिखरे सुरों के रंग

**जयपुर** । गिरि इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड रिसर्च का वार्षिकोत्सव "सुर रंग 2023" में आगरा के वरिष्ठ ख्याति प्राप्त हारमोनियम वादक पंडित रवीन्द्र तलेगांवकर ने राग कृष्णकौंस बजाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी उंगुलियां हारमोनियम पर ऐसे चल रही थी मानों साक्षात राधा और श्याम रास नृत्य कर रहे हो।

युवा स्लाइड गिटार वादक अक्षत शर्मा ने भी अपनी मनोहारी वादन कला से मधुर सुर बिखेर कर उपस्थित रसिक जन का मन मोह लिया। इसके साथ जयपुर के युवा तबला वादक दिनेश खींची ने अत्यंत ही सधी हुई संगत की।

इसके साथ ही संस्था की निदेशक डॉ.उमा विजय के मार्गदर्शन में संस्थान के साधकों ने होली पर आधारित धमार, राग काफी में बड़े ख्याल के साथ-साथ लोकगीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर




एस.एम.एस. से सेवानिवृत्त डॉ. रेनु सहगल, जो संस्थान में नियमित रुप से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, को "गिरि साधक" सम्मान से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल मुख्य अतिथि थे, जबकि वीणा समूह के संस्थापक के.सी.मालू विशिष्ट अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उ प रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी पं वाई के शर्मा "कैलाशी" ने की।